सं0-2/609/ 66-14-05/2012

प्रेषक,

एस0पी0 गोयल,
प्रमुख सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

1- समस्त जिलाधिकारी, उ0प्र0 ।
2- समस्त मण्डलायुक्त, उ0प्र0।

समग्र ग्राम विकास अनुभाग लखनऊ: दिनांक 01 अक्टूबर,2014

विषय:- डा0 राम मनोहर लोहिया समग्र ग्राम विकास योजनान्तर्गत संचालित कौशल विकास पहल (स्किल डेवेलपमेण्ट इनीशिएटिव) योजना में कतिपय संशोधन किया जाना।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासनादेश संख्या-447/66-2012-05/2012 दिनांक 17 मई, 2012 का कृपया सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा प्रदेश में डा0 राम मनोहर समग्र ग्राम विकास योजना लागू करते हुए विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।

2- उक्त शासनादेश दिनांक 17मई, 2012 के प्रस्तर- 4 के क्रमांक-20 में निम्नलिखित व्यवस्था की गई थी:-

" व्यावसायिक शिक्षा विभाग के अन्तर्गत संचालित कौशल विकास पहल (स्किल डेवेलपमेण्ट इनीशिएटिव) योजना के अन्तर्गत भारत सरकार द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार ग्राम के पात्र एवं इच्छुक निवासियों को स्थानीय आवश्यकतानुसार रोजगारपरक व्यावसायिक एवं तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

इस कार्यक्रम हेतु व्यावसायिक शिक्षा विभाग नोडल विभाग होगा। "

3- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि शासन द्वारा सम्यक् विचारोपरान्त उक्त शासनादेश दिनांक 17 मई, 2012 के प्रस्तर- 4 के क्रमांक- 20 में निम्नानुसार संशोधन किए जाने का निर्णय लिया गया है:-

पूर्व व्यवस्था	संशोधित व्यवस्था
व्यावसायिक शिक्षा विभाग के अन्तर्गत संचालित कौशल विकास पहल (स्किल डेवेलपमेण्ट इनीशिएटिव) योजना के अन्तर्गत भारत सरकार द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों	व्यावसायिक शिक्षा विभाग के अन्तर्गत संचालित, कौशल विकास पहल (स्किल डेवेलपमेण्ट इनीशिएटिव) योजना के अन्तर्गत कौशल विकास मिशन द्वारा

http://shasanadesh.up.nic.in

के अनुसार ग्राम के पात्र एवं इच्छुक निवासियों को स्थानीय आवश्यकतानुसार रोजगारपरक व्यावसायिक एवं तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इस कार्यक्रम हेतु व्यावसायिक शिक्षा विभाग नोडल विभाग होगा।	निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार ग्राम के पात्र एवं इच्छुक निवासियों को स्थानीय आवश्यकतानुसार रोजगारपरक व्यावसायिक एवं तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इस कार्यक्रम हेतु व्यावसायिक शिक्षा विभाग नोडल विभाग होगा।

उपर्युक्त शासनादेश दिनांक 17 मई, 2012 इस सीमा तक संशोधित समझा जाए।

भवदीय,

(एस0पी0 गोयल)
प्रमुख सचिव।

<u>पत्र संख्या-2/609(1)/66-14 तददिनांक।</u>

प्रतिलिपि, निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- प्रमुख सचिव, मा0 मुख्य मंत्री, उ0प्र0 शासन।
2- प्रमुख स्टाफ ऑफिसर, मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन।
3- स्टाफ ऑफिसर, कृषि उत्पादन आयुक्त, उ0प्र0 शासन।
4- सचिव, व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग, उ0प्र0 शासन।
5- सम्बन्धित कार्यदायी विभागों के प्रमुख सचिव/ सचिव, उ0प्र0 शासन।
6- सम्बन्धित कार्यदायी विभागों के विभागाध्यक्ष, उ0प्र0।
7- निदेशक, समग्र ग्राम विकास सेल, उ0प्र0 लखनऊ।
8- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(नरेश बहादुर)
संयुक्त सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in